आई.एस.ओ. 9001-2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ
● वर्ष- 13 अंक-208 ● जबलपुर ● गुरुवार, 29 अगस्त, 2019 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2076 शके 1935



## सिंहराज अडाना को कांस्य

टोक्यो पैरालंपिक में भारत के सिंहराज अडाना ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 के फाइनल में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने यह पदक 216.8 अंकों के साथ अपनी झोली में डाला। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद हर कोई तारीफ कर रहा है।

# 9 न्यायाधीशों की इतिहास में पहली बार शपथ टीव्ही पर लाइव

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में नियुक्त नौ नए न्यायाधीशों को सीजेआई एनवी रमण मंगलवार को शपथ दिलाई। यह पहला मौका है जब इतना बड़ा शपथ समारोह हुआ। नौ नए न्यायाधीशों में तीन महिला न्यायाधीश शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह उच्चतम न्यायालय के अतिरिक्त भवन परिसर के सभागार में आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में यह पहला मौका है जब नौ जजों को एक साथ शपथ दिलाई गई। आमतौर पर नए जजों को शपथ प्रधान न्यायाधीश के कोर्ट रूम में दिलाई जाती है। मंगलवार को नौ नए जजों की शपथ के बाद शीर्ष अदालत में सीजेआई रमण समेत जजों की संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी, जबकि स्वीकृत संख्या 34 है। शपथ समारोह का डीडी न्यूज, डीडी इंडिया और लाइव वेबकास्ट पर सीधा प्रसारण किया गया। बता दें, नौ नए जजों के नामों को सीजेआई रमण की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 17 अगस्त को हुई बैठक में मंजूरी दी थी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में नए जजों की नियुक्ति को लेकर 21 माह से जारी गतिरोध खत्म हो गया। इस गतिरोध के कारण ही 2019 के बाद से एक भी नए जज की नियुक्ति शीर्ष कोर्ट में नहीं हो सकी थी। 17 नवंबर 2019 को तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की बिदाई के बाद से यह गतिरोध कायम था।



### एक सितंबर से प्रत्यक्ष सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर से मामलों की अंतिम सुनवाई प्रत्यक्ष रूप (फिजिकल) से करने के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है। साथ ही, कोरोना मानदंडों को पालन करने के मद्देनजर मंगलवार से बृहस्पतिवार तक मिश्रित (हाइब्रिड) विकल्प इस्तेमाल किया जाएगा। यह मानक प्रक्रियाएं प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण के निर्देश पर जारी की गई है। उन्होंने बार निकायों की मांग और अनुरोध पर विचार करने के लिए गठित न्यायाधीशों की समिति की सिफारिशों पर ध्यान करने के बाद यह फैसला लिया है। कोरोना के कारण बीते साल मार्च से शीर्ष कोर्ट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मामलों की सुनवाई कर रहा है। लेकिन पिछले कुछ समय से कई बार निकाय और वकील फिर से प्रत्यक्ष सुनवाई शुरू करने की मांग कर रहे थे।

### जानिये कौन हैं ये जज

शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में पद की शपथ लेने वाले नौ नए न्यायाधीशों में शामिल हैं- न्यायमूर्ति अभय श्रीनिवास ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और पीएस नरसिम्हा। जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में पहली महिला सीजेआई बनने की कतार में हैं। जस्टिस नागरत्ना पूर्व सीजेआई ई एस वेंकटरमैया की बेटी हैं। इन नौ नए जजों में से तीन जस्टिस नाथ, नागरत्ना और नरसिम्हा सीजेआई बनने की कतार में हैं।

# MP के 12 लोगों की मौत

## राजस्थान के नागौर में तूफान जीप और ट्रेलर की टक्कर

**उज्जैन, नागौर।** राजस्थान के नागौर में तूफान जीप और ट्रेलर की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मारे गए सभी लोग मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए नोकहा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक सभी राजस्थान के रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे में मारे गए लोगों में सात महिलाएं शामिल हैं, क्रूजर में 18 लोग सवार थे। दोनों वाहन बहुत तेज रफ्तार में थे और तूफान जीप में जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। सभी रामदेवरा में दर्शन करने के देशनोक में करणी माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनका वाहन ट्रेलर से टकरा गया और मौके पर ही आठ लोगों की मौत हो गई जबकि तीन



लोगों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इधर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक मदद और घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। कलेक्टर आशीष सिंह और एसपी सत्येंद्र शुक्ला और अन्य अधिकारी मृतकों के परिवार को सांत्वना देने गांव पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के नागौर में हुआ भीषण सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। सीएम शिवराज ने कहा कि श्रीबालाजी के पास भीषण सड़क हादसे में उज्जैन के 11 भाई- बहनों के असमय निधन का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं।

### खंभे से टकराकर उड़े ऑडी के परखच्चे, विधायक के बेटे-बहू समेत 7 की मौत

उधर कर्नाटक के बंगलूरू में मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तमिलनाडु के होसुर से विधायक वाई. प्रकाश के बेटे-बहू समेत सात की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कोरमंगला के पास एक तेज रफ्तार ऑडी खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑडी के परखच्चे तक उड़ गए। डीएमके विधायक वाई. प्रकाश ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके बेटे करुणा सागर व बहू बिंदू की हादसे में मौत हुई है। घटना रात करीब दो बजे की है। कोरमंगला में जो ऑडी कार बिजली के खंभे से टकराई उसमें कुल सात लोग सवार थे, जिसमें चार पुरुष व तीन महिलाएं थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छह लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई वहीं सातवें ने अस्पताल जाने के दौरान दम तोड़ दिया।

## इंदौर में दंगे की साजिश रचने वाले अल्तमश का तालिबान से भी है कनेक्शन?



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि इंदौर में जिस अल्तमश को गिरफ्तार किया गया है, उसका पाकिस्तान ही नहीं तालिबान से भी कनेक्शन सामने आया है। कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिससे पता चलता है कि उसकी तालिबानियों से भी बातचीत हुई है। हालांकि मामला अभी जांच में है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे कई और लोग सामने आएंगे। कांग्रेस के आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि उज्जैन में देश विरोधी नारों के बीच कांग्रेस नेताओं को काजी साहब जिंदाबाद सुना सुनाई देता है। यह हिंदू मुस्लिम का मामला नहीं है। यह देश तोड़ने जैसी घटना है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में बिजली की समस्या स्थायी नहीं है, बिजली संयंत्रों में कोयला की सप्लाई बाधित होने और बारिश की कमी से तकनीकी दिक्कतें आई हैं। सरकार जल्द ही पहले की तरह बिजली की सुचारु आपूर्ति बहाल करने का प्रयास कर रही है।

## रिकॉर्ड तोड़ उछाल, सेंसेक्स पहली बार 57 हजार के पार

**मुंबई।** पिछले सत्र में रिकॉर्ड स्तर पर बंद होने के बाद आज वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के बीच सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को दोबारा शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 127.37 अंक (0.22 फीसदी) की तेजी के साथ 57017.13 के स्तर पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 39.20 अंकों (0.23 फीसदी) की बढ़त के साथ 16970.20 के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में 1298 शेयरों में तेजी आई, 521 शेयरों में गिरावट आई और 87 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 795.40 अंक या 1.43 फीसदी चढ़ा था। पिछले सत्र में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 56958.27 और निफ्टी ने 16,951.50 के रिकॉर्ड स्तर को छूआ था। विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जिससे घरेलू बाजार में तेजी आई। डॉलर के मुकाबले रुपया भी मजबूत हुआ, साथ ही टीकाकरण से निवेशकों में कोरोना का डर खत्म होता नजर आ रहा है। इसके अलावा जीडीपी और ऑटो बिक्री के अच्छे संकेतों की उम्मीद भी बाजार में उछाल आया। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, वाहन बिक्री के आंकड़ों और वैश्विक रुख से घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। निवेशकों की निगाह टीकाकरण की रफ्तार पर रहेगी।

### एक साल में भारतीय बाजार का सबसे बेहतर रहा प्रदर्शन

वैश्विक बाजारों की तुलना में पछले एक साल में भारतीय शेयर बाजार ने बेहतर प्रद र्शन किया है। निफ्टी ने 45 फीसदी का रिटर्न दिया है। वहीं इस साल जनवरी से लेकर अब तक निफ्टी 19 फीसदी उछला है। मैक्सिको के बाजार ने इस साल 18.97 फीसदी रिटर्न दिया। ताइवान के बाजार ने 15.70 फीसदी, चीन के बाजार ने 1.94 फीसदी और फ्रांस, कोरिया और अमेरिका के बाजारों ने इससे भी कम रिटर्न दिया। एक साल में भारतीय शेयर बाजार का बाजार पूंजीकरण 75 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है।

### राहुल के सामने सीएम बघेल की विधायक जुटाकर शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी!

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जारी खींचतान और राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा के बीच पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जल्द ही प्रदेश का दौरा करेंगे। हाल ही में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में मुलाकात के दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्यौता दिया है। बघेल ने राजधानी रायपुर पहुंचते ही राहुल गांधी के दौरे को लेकर तैयारी शुरू कर दी हैं। रायपुर पहुंचने के साथ ही बघेल तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने सीएम हाउस में बस्तर के विधायकों सहित पार्टी के बड़े नेताओं की बैठक की।

## अमेरिका गया, अफगानिस्तान का अब क्या होगा?

**काबुल।** अफगानिस्तान में करीब 20 साल तक चले लंबे संघर्ष के बाद अमेरिकी ने अपने सभी सैनिकों को निकालने का काम पूरा कर लिया है और काबुल एयरपोर्ट पर भी अब तालिबान का कब्जा हो चुका है। साल 2001 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब अफगानिस्तान में एक भी अमेरिकी सैनिक नहीं है।



अमेरिकी ने बीते 2 सप्ताह में काबुल एयरपोर्ट से करीब 114000 से अधिक लोगों को एयरलिफ्ट किया है। लेकिन अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान के इस तरह के अंत पर सवाल उठ रहे हैं और इसमें सबसे ज्यादा निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन हैं। बीते 15 दिन से अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनाने का प्रयास कर रहा है और अफगानिस्तान की आम जनता संकट व भय में अपना जीवन गुजार रही है। अमेरिकी सेना के जाते ही अब तालिबान का एकतरफा भय व आतंक कायम हो गया है। गौरतलब है कि तालिबान ने अमेरिका को 30 अगस्त तक अफगानिस्तान छोड़ने की धमकी दी थी। अमेरिकी न 14 अगस्त ने अपने नागरिकों और सैनिकों को निकालने के लिए उड़ानें शुरू की थी। 15 अगस्त को जब तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी पर कब्जा कर लिया था तब बिडेन प्रशासन ने कहा था कि उम्मीद है कि तालिबान अमेरिकी सेना की वापसी और अन्य लोगों को अफगानिस्तान छोड़ने में सुरक्षित मार्ग की अनुमति देना जारी रखेगा।

### क्विक अपडेट

### ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर बोले, प्रदेश में बिजली का संकट नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश में कोई बिजली संकट नहीं है और न ही बिजजी कटौती हो रही है। मध्य प्रदेश में कोई भी विधायक बता दे किसके यहां 18 से 20 घंटे की कटौती हो रही हो मैं खुद मौके पर जाकर देखूंगा। कोई भी विधायक बिजली कटौती के सबूत दे तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सेवा में कोई कमी रह गई तो मंत्री हो या अधिकारी पद पर नहीं रहेगा। कोयला खदानों में बारिश का पानी भरने और मेंटेनेंस के चलते कहीं-कहीं 1 से 2 घंटे की कटौती की गई थी। बिजली कंपनियों द्वारा कोयला भुगतान नहीं करने से नहीं है प्रदेश में कोयले का संकट। राजस्थान और महाराष्ट्र से बेहतर स्थिति है प्रदेश में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब कहीं भी बिजली की कटौती नहीं की जा रही है।

## वर्चुअल क्लास छोड़ डेढ़ साल बाद क्लास में पहुंचेंगे बच्चे



**भोपाल।** करीब डेढ़ साल के कोरोना काल के अवकाश के बाद छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चे बुधवार से एक बार फिर स्कूलों में पहुंचेंगे। राज्य सरकार के आदेश के बाद जिले के लगभग सभी सीबीएसई और एमपी बोर्ड स्कूलों ने इसके लिए तैयारी कर ली है। सरकार की मंशा अनुसार अभी कक्षाओं में केवल 50 प्रतिशत छात्रों को ही अनुमति दी जाएगी।पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में प्राइमरी स्कूल खोलने के आदेश दिए थे, जिसके बाद एक सितंबर से छठवीं से आठवीं तक के स्कूल खोले जाएंगे, जबकि कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों की स्कूल संभवत 15 सितंबर के बाद खोले जा सकते हैं। इधर मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलने के बाद ही स्कूलों ने इस संबंध में तैयारियां शुरू कर दी थी, उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल भेजने के लिए जरूरी पालकों के सहमति पत्र इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भेज दिए थे। अधिकांश पालकों ने अपने सहमति पत्र स्कूलों को सौंप दिए हैं। इससे बुधवार से इनकी कक्षाएं लगना प्रारंभ हो जाएगी। हालांकि जो बच्चे स्कूल नहीं आएंगे, उनके लिए आनलाइन क्लासेस चलती रहेगी।

## बड़ी राहत: बीते 24 घंटे में मिले कोरोना के 30 हजार 941 नए केस

**नई दिल्ली।** कोरोना की तासरी लहर की आशंका के बीच मंगलवार को बड़ी राहत की खबर आई है। दरअसल, सोमवार के मुकाबले मंगलवार को कोरोना के मामले लगभग 12000 कम आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मंगलवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 30,941 नए मामले आए हैं जबकि 350 लोगों की मौत हो गई। वहीं 36,275 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,70,640 है। वहीं सोमवार को बीते 24 घंटे में 42,909 नए पॉजिटिवि मरीज मिले थे जबकि 380 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 34,763 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।



### केरल को भी बड़ी राहत

केरल में मंगलवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 19,622 मामले सामने आए हैं और 132 लोगों की मौत हो गई। बता दें कि भारत के दो राज्य केरल और महाराष्ट्र में अभी सबसे अधिक पॉजिटिविटी रेट है। केरल के सात जिले (एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझीकोड, पलक्कड़, कोल्लम और कोट्टायम) में रोजाना 2000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

### अब तक 64 करोड़ वैक्सीन की खुराक दी गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, 30 अगस्त तक देशभर में 64 करोड़ 5 लाख 28 हजार कोरोना वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी हैं। बीते दिन 59.62 लाख वैक्सीन की खुराक लगाई गईं। वहीं भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, अबतक 52 करोड़ 15 लाख कोरोना सैंपल के टेस्ट किए जा चुके हैं। बीते दिन करीब 13.94 लाख कोरोना सैंपल टेस्ट किए गए, जिसका पॉजिटिविटी रेट 4 फीसदी से कम है।

## दंपती को बंधक बना खंगाला घर जाते वक्त 500 रुपये देकर छुए पैर और बोले- 6 महीने में लौटा देंगे पूरा पैसा



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के राजनगर में बुजुर्ग कारोबारी और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर लूटपाट करने का एक अजीबोगरीबमामला सामने आया है। राजनगर सेक्टर-9 में पूर्व मेयर आशु वर्मा की कोठी के पास बुजुर्ग दंपती सुरेंद्र वर्मा और उनकी पत्नी अरुणा वर्मा रहते हैं। सोमवार की रात करीब साढ़े तीन बजे चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने गैस कटर से लोहे का गेट काटा और फिर शीशा तोड़कर उनके घर में घुस गए। एक बदमाश के हाथ में तमंचा और तीन बदमाशों के हाथ में चाकू थे। दंपती को बंधक बनाकर बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए और चार लाख के जेवर लूट लिए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कविनगर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि लुटेरों ने सारा सामान बांधने के बाद जाने से पहले बुजुर्ग दंपति के पैर छूकर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमें माफ कर दीजिए। हम छह महीने बाद पैसे और जेवर लौटा देंगे। उन्होंने जाने वक्त दंपति को 500 रुपये भी दिए।




## New Rules: पीएफ से लेकर कार, ओटीटी तक कल से हो रहे कई बड़े

**नई दिल्ली।** एक सितंबर 2021 यानी कल से भारत में रुपये-पैसे से जुड़े सात बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इन बदलावों का आपकी जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा। एक ओर जहां इन नए नियमों से आपको राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अगर आपने कुछ बातों का ध्यान नहीं रखा, तो आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। इन नियमों में बदलाव से आपकी जेब प्रभावित होगी। इसका प्रभाव आपके घर के बजट पर भी पड़ेगा। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए बेहद आवश्यक है । इन बदलावों में रसोई गैस सिलिंडर के दाम, पीएनबी बचत खातों में मिलने वाला ब्याज, पीएफ का नियम, मारुति की कारें, एक्सिस बैंक का चेक पेमेंट से जुड़ा नियम, जीएसटी और ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार के नियम शामिल हैं। तेल कंपनियां हर महीने एलपीजी सिलिंडर के दामों की समीक्षा करती हैं। हर राज्य में टैक्स अलग-अलग होता है और इसके हिसाब से एलपीजी के दामों में अंतर होता है। इसकी कीमत औसत अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क और विदेशी विनिमय दरों



में बदलाव जैसे कारक निर्धारित करते हैं। सितंबर से घरेलू रसो गैस सिलिंडर का दाम बदल जाएगा। अगस्त में कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये का इजाफा किया था। वहीं 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस की कीमत में 68 रुपये का इजाफा हुआ था। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने खाताधारकों के लिए नियमों में कुछ बदलाव किया है। आप इस बदलाव को ध्यान से समझ लें क्योंकि आप पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ईपीएफओ के नए नियम के अनुसार एक सितंबर 2021 से प्रत्येक खाताधारक का पीएफ खाता आधार कार्ड से लिंक अनिवार्य है। एक सितंबर 2021 से पंजाब नेशनल बैंक बचत खाते में जमा पर ब्याज दर में कटौती करने जा रहा है। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, नई ब्याज दर पीएनबी के मौजूदा और नए दोनों बचत खातों पर लागू होगी। नई ब्याज दर सालाना 2.90 फीसदी होगी। बढ़ते फ्रॉड को ध्यान में रखते हुए एक्सिस बैंक ग्राहकों के लिए चेक पेमेंट से जुड़े नियम में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। पॉजिटिव पे सिस्टम के तहत चेक जारी करने वाले व्यक्ति को अपने बैंक को अपने चेक की जानकारी भी भेजनी होगी। सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन महंगा होने जा रहा है। ग्राहकों को बेस प्लान के लिए 399 रुपये नहीं, बल्कि 499 रुपये चुकाने होंगे। 899 रुपये में ग्राहकों को दो फोन में एप चलाने की अनुमति मिलेगी। इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ने की वजह से मारुति सितंबर से सभी मॉडल की कीमतें बढ़ाने जा रही है। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि पिछले एक साल में विभिन्न इनपुट लागतों में वृद्धि के कारण मारुति के वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।



दो समूहों में बांटकर किया गया अध्ययन

कटनी
मंगलवार, 31 अगस्त 2021
यश भारत





# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर चहुंओर बिखरा उल्लास

## घरों और मंदिरों में धूमधाम से मना पर्व, सत्यनारायण मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कटनी। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की और बधाई बाबा नंद की, जय कन्हैयालाल की जैसे गगनचुंबी जयघोषों के बीच सोमवार की मध्यरात्रि नटखट कन्हैया का जन्मोत्सव पर्व जन्माष्टमी अपार उत्साह, उमंग के बीच धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में जन्माष्टमी की धूम रही। मंदिरों और घरों में जन्माष्टमी पर्व की सुबह से ही तैयारियां की जा रही थीं और जैसे ही घड़ी की सुईयों ने रात 12 बजे के आंकड़े को छुआ, वैसे ही घरों और मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और शंख ध्वनि गूंजने लगे। फूलों की बारिश के साथ भगवान की जन्म आरती हुई।**

बाल-गोपाल को पालने में झूला-झुलाने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी। माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। शहर के प्रमुख खिरहनी फाटक क्षेत्र स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में कोरोना गाइडलाइन के चलते मेले का आयोजन नहीं किया गया लेकिन इसके बावजूद भगवान की एक झलक पाने और पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ यहां उमड़ी। शाम से लेकर मध्यरात्रि तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं को कतारबद्ध करवाकर प्रभु के दर्शन करवाए जा रहे थे। मंदिर परिसर में मध्यरात्रि 12 बजे घंटे-घड़ियालों की गूंज के बीच नटखट कन्हैया का जन्म हुआ और इसके बाद सारा आलम नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की के जयघोषों से गूंज उठा। इसके बाद भगवान का अभिषेक



किया गया और पूजा अर्चना करते हुए आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में एक से बढ़कर एक सजीव झांकियां सजाई गई थीं। जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसी तरह सिल्वर टॉकीज कम्पाउण्ड स्थित श्री गोविन्द देव जी मंदिर में भी जन्माष्टमी का पर्व अपार उत्साह के बीच मनाया गया। पर्व को लेकर यहां आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई थी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मध्यरात्रि 12 बजे जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। मंदिर में शाम से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन के लिए ऐसी व्यवस्था की गई थी, जिससे एक समय में ज्यादा भीड़ न आए। इसी तरह खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे स्थित रामजानकी मंदिर, राधा भवन के पास स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, मेन रोड स्थित श्रीमहालक्ष्मी ट्रस्ट कमेटी धर्मशाला मंदिर, गणेश चौक स्थित मघई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व पर मध्यरात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में नटखट कन्हैया का जन्मोत्सव हर्षोलास के बीच मनाया गया।



मेहड़ दरबार शांति नगर में धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित किया।

### गोविन्द देव जी मंदिर में आकर्षक साज सज्जा



सिल्वर टॉकीज कम्पाउण्ड स्थित श्री गोविन्द देव जी मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व अपार उत्साह के बीच मनाया गया। पर्व को लेकर यहां आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई थी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मध्यरात्रि 12 बजे जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।

## श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी के निज निवास पर जन्माष्टमी का महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान के स्त्रोत पाठ का वाचन किया गया, उसके पश्चात कन्हैया के सुमधुर भजन सभी भक्तजनों का मन मोह लिया। छोटे बच्चों द्वारा भगवान के मनमोहक रूप की झांकी बनाई गई थी, जिसे देखकर सभी भक्तजन अत्यंत प्रसन्न हो रहे थे कार्यक्रम में प्रिया सोनी द्वारा नंद के लाला, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, आरती कृष्ण कन्हैया की आदि भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमें भक्तजन झूम कर नाचने लगे। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया सोनी परिवार के सदस्य रामहित सोनी एवं अरुण सोनी ने शहर से पधारे सभी भक्तजनों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।



## सायना में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम




### छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति

**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा एवं सायना किड्स की प्रभारी श्रीमती भारती शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के विग्रह को पूजन हेतु स्थापित किया, जहां आचार्य दिलीप कुमार झा ने विधिपूर्वक पूजन कराया। छात्र-छात्राओं ने कृष्ण भक्ति के गीत गाए और नृत्य प्रस्तुत किया। षिक्षकों द्वारा भी भजन गाकर वातावरण को वृंदावन में बदल दिया। समन्वयक डॉ लोकेश दुबे ने कृष्ण जन्म के उद्देश्य और उनके जन्मोत्सव के प्रसंग को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। शिक्षिकाओं के समूह ने कृष्ण और गोपी के वेष में 'मैया यषोदा' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें कृष्ण बनी श्वेता मेम, राधा बनी मोनिका मेम व यशोदा बनी श्रीमती राजेश्वरी मेम ने समां बाँध दिया। सायना के प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए श्रीकृष्ण के कर्म योगी होने और उनके जीवन से कर्म की प्रधानता के भाव को ग्रहण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कृष्ण वर्तमान में भी प्रासंगिक है क्योंकि उन्होने जीवन के हर क्षेत्र में कर्म को आगे रखा है। विद्यार्थियों के लिए तो कृष्ण का जीवन एक अनिवार्य आवश्यकता है जो कर्म करने व फल की चिंता न करने की बात कहते हैं। भगवान श्री की आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सायना की सचिव पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला सत्येंद्र पाठक, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, युवा समाजसेवी यश पाठक ने भी सभी को शुभकामनाएं दी।



### अज्ञान से मुक्ति शिक्षा का लक्ष्य-निधि पाठक

इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक ने संदेश में कहा कि ज्ञान द्वारा अज्ञान से मुक्त करना ही शिक्षा का लक्ष्य है। व्यक्ति का स्वयं से परिचय कराना ही धर्म का मूल उद्देश्य है और कृष्ण ने यही दो कार्य करके हमें सही मार्ग में चलने का संदेश दिया है। इसे हम सबको आत्मसात करना चाहिए।

## छपरवाह में कृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु, धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

### हनुमान मंदिर में संगीतमय रामायण पाठ व भजन संध्या

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के बीच उपनगरीय क्षेत्र स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का



त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के असवर पर मंदिर कमेटी के द्वारा संगीतमय रामायणपाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। देरात 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म किया गया और इसके बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पुष्पेन्द्र द्विवेदी, विजय शंकर शुक्ला, बलराम प्यासी, सत्यनारायण चौरसिया, कृपाशंकर शुक्ला, रजनीश शुक्ला, सुधीर कुमार शुक्ला, शैलेष शुक्ला, आशीष शुक्ला, पत्रकार विवेक शुक्ला, संजय शुक्ला, सतीश द्विवेदी, राम कुमार मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा, शुभम शुक्ला, सुरेश विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, कमलेश यादव, राजेश यादव, राकेश सतनामी, लखन कोरी, पूरन बर्मन, घुर्री बर्मन, रोहित सिंह, ढोलक मास्टर नन्हू, गुड्डू दाहिया की उपस्थिति रही।

## जगन्नाथ स्वामी मंदिर में जन्माष्टमी पर प्रसाद वितरण



**कटनी।** जन्माष्टमी पर्व पर जगन्नाथ चौक स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर में पूजन अर्चन के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर प्रांगण में विधि विधान से जन्माष्टमी पर पूजन अर्चन हुआ। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए भक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर कमेटी की ओर से भक्तों को फ्लाहार एवं खिचड़ी का वितरण किया गया। जगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सरावगी, शिव कुमार सोनी सचिव, विजय ठाकुर रथ यात्रा प्रभारी, पुजारी चंद्रिका दुबे, संजय गिरी, नीरज चौदहा, शिशिर टुडहा, रजनीश पटेल, रमेश सोनी, सिद्धार्थ गौतम, दिनेश खुराना, भरत गुप्ता, बसंत यादव, वरुण दुबे, रमेश सोनी, पुजारी चंद्रिका दुबे, राजेश तिवारी, विजय पटेल, प्रदीप महाराज, शेखर, आदर्श टुडहा, राजकुमार यादव, विपिन दुबे, विनोद मिश्रा, भोलू ठाकुर, भरत गुप्ता, मुन्नाजी नामदेव, मुन्ना ताम्रकार, पंकज गुप्ता की उपस्थिति रही।

## शिव बाबा को भोग अर्पित कर कृष्ण की उतारी आरती

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनी जन्माष्टमी



**कटनी।** सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र के शुभ भावना परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर प्रातः शिव बाबा को भोग अर्पित कर श्री कृष्ण की आरती की गई। राजयोग केंद्र संचालिका बीके बीके लक्ष्मी बहन ने श्री कृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अति उत्तम है क्योंकि आज हम जो भी महान आत्माओं की जयंती मनाते हैं उनकी जन्म से नहीं मनाते बल्कि उनके कुछ बन जाने पर ही मनाई जाती है श्री कृष्ण की मधुर वाणी के कारण उन्हें मुरलीधर कहा जाता है और वह 16 कला से संपूर्ण आत्मा है। हमें भी श्री कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हमारे जीवन का कल्याण हो सके उनकी बाल लीला तथा प्रत्येक कर्मों की आध्यात्मिक व्याख्या मनुष्य के लिए संदेश है। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण का आगमन बहुत जल्द ही होगा साथ ही सुख शांति की बांसुरी बजेगी इस अवसर पर श्री कृष्ण के गानों पर संस्कृतिक कार्यक्रमो की सुंदर प्रस्तुति दी गई। मौके पर दुर्गा बहन, सबिता बहन, ज्योति बहन, आशु, पलक, मुस्कान, सुरेश भाई, रमेश भाई, दीपक भाई सहित अन्य बहन भाइयों की उपस्थिति रही। अंत में सभी को भोग वितरित किया गया।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 31 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## बुजुर्गों की सेवा के लिए विधायक संजय पाठक ने दी एंबुलेंस





**कटनी।** परम पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की प्रेरणा से निर्मित दद्दाजी शिष्य मंडल भारतवर्ष द्वारा संचालित श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित सत्येंद्र पाठक की पुण्य स्मृति में एवं दद्दा जी के परम शिष्य विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की तरफ से एंबुलेंस प्रदान की गई है। वृद्ध आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में यश पाठक द्वारा समिति के सदस्यों एवं बुजुर्गों की उपस्थिति में वृद्ध आश्रम में रह रही श्रीमती प्रीति भट्टाचार्य को एंबुलेंस की चाबी प्रदान की। इस अवसर पर कृष्ण वृद्ध आश्रम समिति ने पाठक परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, अशोक गेडा, मनीष पाठक, दीपक जैन, राकेश गौतम, गोविंद पटेल, सतीश साहू, अमित पांडे, संतोष गुप्ता, लखेरा दशरथ पांडे, शिवबालक दहिया, पीओपी चौबे, अरुण पांडे, अर्जुन तिवारी, संजय गुप्ता, अनूप गुप्ता, प्रकाश बाबू सोनी, नितेश दुबे, राहुल गर्ग, सतीश पांडे मौजूद थे।



## वृद्धाश्रम में महिलाओं ने किया वृद्धजनों का सम्मान

**कटनी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामाजिक संगठन ने वृद्ध दिवस पर झिंझरी स्थित बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में पहुंचकर वृद्धों का शाल, श्रीफल एवं सम्मान पुष्पगुच्छ एवं मीठा खिलाकर व माता पिता तुल्य समस्त वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त कर वृद्ध दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास पटेल के निर्देश अनुसार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी आराधना तिवारी, जिलाअध्यक्ष ममता गर्ग, महामंत्री लता खरे, रूपा साहू सहित संगठन की महिला सदस्यों की उपस्थिति रही।

## अंतिम दिन अधिभार में छूट का लाभ उठाया नागरिकों ने

**कटनी।**

नोवल कोरोना वायरस कोविड -19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण रोजगार में कमी, उद्योग -धन्धें में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप नागरिकों द्वारा नगरीय निकायों के करों, उपभोक्ता प्रभार नगरीय निकायों की व्ययन की गई परिसंपत्तियों के भू-भाटक/किराये पर अधिरोपित अधिभार की राशि का 31 अगस्त तक भुगतान करनें पर शर्तो के अधीन छूट प्रदान की गई थी। जिसका मात्र एक दिवस कल मंगलवार 31 अगस्त ही शेष है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने छूट के अवसर के अंतिम दिवस को देखते हुए व्यापक प्रचार प्रसार करनें हेतु निगम के राजस्व अमले को निर्देशित किया जाकर अधिक से अधिक नागरकों से निगम के बकाया करों को जमा कर अधिभार में मिलनें वाली छूट का लाभ प्राप्त करनें की अपील की है। नागरिकगण ई-नगरपालिका लिंक के माध्यम से भी अपनें घर बैठे ही निगम के बकाया करों का भुगतान कर छूट के इस अतिम अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## भादों में जेठ-बैसाख की तरह तप रहा सूरज

### मानसूनी सिस्टम सक्रिय, फिर भी नहीं हो रही बारिश



कटनी। मौसम विभाग हर दिन बादलों की आने की संभावना जताता है। बादल आते भी हैं लेकिन बरसने की अपेक्षा वे उसम और गर्मी देकर जा रहे हैं। आज फिर प्रदेश के अधिकतर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। सुबह से ही बादलों की लुकाछिपी के बीच सूर्यदेव अपने तेवर सख्त किए हुए हैं। शहर के साथ काले बादलों की बेरुखी जारी है। मानसूनी सिस्टम सक्रिय होने पर भी बारिश नहीं हो रही है। बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम की जगाई बारिश की उम्मीद भी अब टूट रही है। सोमवार को एक बार फिर सुबह से काले बादलों की हलचल हुई लेकिन इस बार भी सूखे बादल ही मंडराए। कुछ देर उमड़ने घुमड़ने के बाद काले बादल छंट गए। दोपहर तक आसमान साफ हो गया और धूप निकल आई। बारिश नहीं होने से हल्की गर्मी अभी भी महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार के बराबर ही लगभग सोमवार को भी तापमान बना रहा। अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। ये सामान्य से दो डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज हुआ। ये सामान्य से एक डिग्री सी ज्यादा रहा। आर्द्रता सुबह के समय 84 प्रतिशत और शाम को 70 प्रतिशत थी। उत्तर-पूर्वी हवा तीन किमी प्रतिघंटा की गति से चली। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निर्मित सिस्टम से मनसूनी गतिविधियां सक्रिय हुई है। ट्रफ लाइन प्रदेश से होकर गुजर रही है। इसके कारण बारिश की सम्भावना बनी हुई है। आज मंगलवार को शहर और संभाग में अनेक स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

## कल से बदल रहे आधार, बैंक और एलपीजी समेत ये 6 नियम

**कटनी।** इस बार कल एक सितंबर से कई ऐसे नियम बदल रहे हैं। जिसका असर नौकरी करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से लेकर व्यापारी और आम लोगों पर पड़ेगा। जीएसटी के जानकार अधिवक्ताओं ने बताया कि जो नियम 1 सितंबर से बदलने जा रहे हैं। उनमें आधार, पीएफ, जीएसटी, एलपीजी, चेक क्लीयरेंस सहित कई ऐसे नियम हैं। इन नियमों में बदलाव से सभी के रोजमर्रा जिंदगी के साथ जेब पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। इससे कटनी समेत देशभर के तमाम लोग प्रभावित होंगे।

**लोगों की जेब पर पड़ेगा असर, व्यापारी भी होंगे प्रभावित**




### आधारकार्ड-पीएफ लिंक

इम्प्लॉयी प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन(ईपीएफओ)ने सेक्शन 142, कोड ऑफ सोशल सिक्योरिटी के नियमों में बदलाव किया है। जिसकी वजह से अब आधार कार्ड और पीएफ अकाउंट को लिंक करना अनिवार्य हो गया है। अगर आप पीएफ अकाउंट से आधार कार्ड को लिंक नहीं करते हैं तो एक सितंबर से आपको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### एलपीजी की कीमतें

हर महीने की एक तारीख को एलपीजी की कीमतों में कंपनियां बदलाव करती हैं। इस बार भी एक सितंबर से बदलाव हो सकता है। जुलाई के महीने में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 25.50 रुपये और अगस्त में 25 रुपये का इजाफा हुआ था।

### जीएसटी आर-1

माल और सेवा कर (जीएसटी) के लिए प्रौद्योगिकी सुविधाओं का प्रबंधन करने वाले जीएसटीएन ने करदाताओं के लिए जारी एक परामर्श में कहा है कि केंद्रीय जीएसटी नियमों के तहत नियम-59(6), एक सितंबर 2021 से अमल में आ जायेगा। यह नियम जीएसटीआर-1 दाखिल करने में प्रतिबंध का प्रावधान करता है। नियम के अनुसार यदि किसी पंजीकृत कारोबारी ने पिछले दो महीने के दौरान फार्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न नहीं भरी है तो ऐसे पंजीकृत व्यक्ति को माल या सेवाओं या दोनों की दी गई आपूर्ति का विवरण फॉर्म जीएसटीआर-1 में दाखिल करने की मंजूरी नहीं मिलेगी। ऐसे कारोबारी जो तिमाही रिटर्न दाखिल करते हैं यदि उन्होंने पिछ्ली कर अवधि के दौरान फार्म जीएसटीआर-3बी में रिटर्न नहीं भरी है तो उनके लिये भी जीएसटीआर-1 दाखिल भरने पर रोक होगी।

### एक्सिस बैंक चेक क्लीयरेंस

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने साल 2020 में चेक क्लीयरेंस को लेकर न्यू पॉजिटिव पे सिस्टम नोटिफाई किया था। यह 1 जनवरी 2021 से लागू हो गया है। कई बैंकों ने पहले ही इस सिस्टम को लागू कर दिया था लेकिन एक्सिस बैंक 1 सितंबर 2021 से इसे लागू कर रहा है। बैंक की तरफ से अपने ग्राहकों को एसएमएस के जरिए इसकी जानकारी दे रहा है।

### पॉजिटिव पे सिस्टम

पॉजिटिव पे सिस्टम एक स्वचालित टूल है जो चेक के जरिये धोखाधड़ी करने पर लगाम लगाएगा। इसके तहत जो व्यक्ति चेक जारी करेगा, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से चेक की तारीख, लाभार्थी का नाम, प्राप्तकर्ता और पेमेंट की रकम के बारे में दोबारा जानकारी देनी होगी। चेक जारी करने वाला व्यक्ति यह जानकरी एसएमएस, मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग या एटीएम जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकता है। इसके बाद चेक पेमेंट से पहले इन जानकारियों को क्रॉस चेक किया जाएगा। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई जाएगी चेक से भुगतान नहीं किया जाएगा और संबंधित बैंक शखा को इसकी जानकारी दी जाएगी।

### एसबीआई आधार पैन लिंक

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों से कहा है कि 30 सितंबर तक आधार कार्ड को अपने पैन कार्ड से लिंक कर लें। अगर आप एसबीआई के ग्राहक हैं और यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं तो आपको कई तरह के वित्तीय लेनदेन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।



## बारात घर के निर्माण की योजना

**अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक**

**कटनी।** अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज द्वारा स्वर्णकार धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोरोना संक्रमणकाल में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कोषाध्यक्ष संजय सोनी व उनकी टीम द्वारा आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष द्वारा बनाये गये आय व्यय पत्रक को ध्वनिमत से पारित किया। बैठक में समाज के एक बारात घर के निर्माण पर चर्चा हुई, इसके लिए एक जमीन खरीदने के लिये समाज के मंत्री सुधीर सोनी ने प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का समर्थन मुखिया लल्लू लाल सोनी, सुनील सोनी फग्गू, श्यामकुमार सोनी, ललित कुमार सोनी लल्लू, सत्यनारायण सोनी, ललित सोनी बब्लू ने किया। समाज के अध्यक्ष विष्णु सोनी ने समाज की कार्यकारणी द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी प्रदान की। आदर्श सामूहिक विवाह महायज्ञ समस्त सदस्यों ने सहयोग कर हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न कराया है। समाज में तेरहवीं भोज को प्रतिबंधित करते हुये देवदर्शन कराने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति को देवदर्शन में सम्मलित होने हेतु प्रेरित किया जाता है। अविवाहित युवक युवतियों की फोटो व बायोडाटा सहित पत्रिका छपवाई गई, जिसका लाभ समाज के लगभग 20 बच्चे बच्चियों की शादी सम्पन्न हो चुकी है। मंत्री सुधीर सोनी ने आभार प्रकट किया। बैठक में मुखिया लल्लू लाल सोनी, अध्यक्ष विषणु सोनी, महामंत्री विजय कुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष संजय सोनी, सह कोषाध्यक्ष विजय लल्लू सोनी, प्रदीप पल्लू सोनी, शम्भूलाल सोनी, सत्यनारायण सोनी, राजेन्द्र मुन्ना सोनी, प्रमोद मिन्टू सोनी, सुधीर सोनी, ललित लल्लू सोनी, रमेश बब्लू सोनी, श्यामकुमार श्यामू सोनी, ललित बड़ा बब्लू सोनी, डॉ. रमेश सोनी, सुनील सोनी, विपिन सोनी की उपस्थिति रही।

## कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष पर सुन्दरकाण्ड का आयोजन

### बायपास पर कुशाभाऊ जी की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष को पार्टी संगठन-पर्व के रूप में मना रही है। भाजपा कार्यालय में आयोजित सुन्दरकाण्ड पाठ के आयोजन में पूजन कर सुंदरकांड का प्रारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभात साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक अलका जैन, चमनलाल आनंद, रामचन्द्र तिवारी, विजय शुक्ला, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता नंदकुमार बसरानी, भंवर सिंह चौहान, रमेश शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी अखिल पांडेय एवं जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षगण व सैकड़ों जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने विश्व कल्याण की भावना से सुंदरकांड पाठ कर सौभाग्य प्राप्त किया। इससे पहले जबलपुर बायपास पर स्थापित कुशाभाऊ की प्रतिमा पर पहुंच कर भाजपा जनों ने पितृपुरूष को पुष्पांजलि अर्पित। यहां समस्त भाजपा नेताओं ने कुशाभाऊ के प्रेरणापथ रूपी जीवन चरित्र के अनुसार चलने का संकल्प लिया। जिला कार्यालय में सुंदरकांड के पश्चात प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित वर्चुअल संगोष्ठी में जिला भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। वर्चुअली रूप से से इस संगोष्ठी में वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही श्री कुशाभाउ की जन्म जयंती के सौवें वर्ष पर आज से एक वर्ष तक शताब्दी समारोह सँगठन पर्व के रूप में मनाए जाने के सम्बंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई। जिला कार्यालय में स्व कुशाभाऊ को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू ने ठाकरे जी के जीवन व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पार्टी जिस मुकाम पर है वह कुशाभाऊ जी जैसे कर्मठ लगनशील जमीनी मूर्धन्य व्यक्तित्व की बदौलत है। इनके बताये आदर्श पर चलना हम सभी की उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### आम सूचना पुन:

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कटनी जिले के अन्तर्गत ग्राम मुड़वारा ग्राम टिकरिया एवं ग्राम पड़रवारा व अन्य स्थानों में हमारे पक्षकार वीर गांधी पिता स्व. श्री मनोहर गांधी निवासी-घण्टाघर, रघुनाथगंज वार्ड कटनी म.प्र. वालों को पैत्रिक भूमियां, घंटाघर स्थित भवन क्रमांक-359 हैं उक्त पैतृक संपत्ति, भूमि दादा स्वर्गीय श्री जयरामदास गांधी पिता राधाकृष्ण गांधी के नाम पर राजस्व अभिलेखों व नगर पालिका कटनी के अभिलेखों में पूर्वज जयरामदास गांधी का नाम दर्ज है, जिनका दिनांक **18.06.2020** को निधन हो गया है, उपरोक्त सम्पत्तियों में विधिक वारसानों का नाम दर्ज होना शेष है, पैत्रिक सम्पति हड़पने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज के सहारे पड़यंत्रकारियों द्वारा धोखाधड़ी कर हमारे पक्षकार की माता के नाम के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर भूमियों, भवनों पर नामांतरण कराये जाने तथा सम्पत्तियों को बिना बटवारा कराये किराये पर देने का प्रयास किया जा रहा है, नामांतरण प्रकरण निरस्त किया जा चुका है, धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध धारा-420 भा.द. संहिता के अन्तर्गत एफ.आई.आर दर्ज की जा चुकी है, उपरोक्त पैतृक सम्पत्तियां जयरामदास गांधी पिता राधाकृष्ण गांधी व राधाकिशन सुखरामदास गांधी के नाम दर्ज है, उनमें सभी विधिक वारसानों का हक अधिकार है, इस संबंध में न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है किसी भी व्यक्ति या वित्तीय संस्था के द्वारा उपरोक्त पैतृक सम्पत्तियों को क्रय या क्रय किये जाने का इकरारनामा किया जाता है या किराये पर लिया जाता है, तो वह दांडिक कार्यवाही व सिविल न्यायालय कार्यवाही हेतु दायित्वाधीन होगा, क्रेता को उपरोक्त पैतृक भूमियों एवं भवन पर कोई हक, अधिकार प्राप्त नहीं होगा तथा परिणामों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में पूर्व में आम सूचना दिनांक **24.07.2021** को दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भास्कर** तथा दिनांक **23.07.2021** को **यश भारत** में प्रकाशित की जा चुकी है।

**कटनी दिनांक-30.08.2021**

**भूपेश जायसवाल-अरुणेन्द्र सिंह बघेल-गुलाम सरवर मंसूरी, एडव्होकेट**
**साष्ट्री लॉ चेम्बर एण्ड ऐसोसिएट्स, मो. 9827076768,9329987253**

### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | ह्दय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वी (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वी |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# पैरेंट्स की लिखित अनुमति के बाद ही स्कूल जाएंगे बच्चे

## स्कूलों का सेनेटाईजेशन, कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा अनिवार्य, 50 प्रतिशत बच्चों के साथ कक्षाएं होंगी संचालित



**कटनी।** राज्य सरकार के निर्देश पर कल 1 सितंबर से पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी कक्षा छठवी से लेकर आठवी तक के सभी सरकारी स्कूलों को खोला जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को बुलाने के पहले स्कूनों का सेनेटाईजेशन कराया जा रहा है और अभिभावकों से लिखित में अनुमति ली जा रही है। अभिभावकों की अनुमति मिलने के बाद 50 प्रतिशत बच्चों को ही स्कूलों में बुलाया जाएगा। जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि कल एक सितंबर से कक्षा छठवी से लेकर बारहवीं तक के सभी स्कूल खोले जा रहे हैं। निजी स्कूलों की जानकारी अभी तक मिल सकी है। करीब डेढ़ साल बाद स्कूलों में पहले जैसी चहल-पहल नजर आएगी। विदित हो कि कोरोना संक्रमण के चलते अप्रैल 2020 से सभी शासकीय और निजी स्कूलों में ताला लगा हुआ है। स्कूल बंद होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, जिसको लेकर राज्य सरकार द्वारा मोहल्ला क्लास का संचालन किया गया, जबकि निजी स्कूलों द्वारा ऑनलाइन क्लास शुरू की गई। बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं भी ऑनलाइन ही ली गईं। इस साल कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक की कक्षाओं कां संचालन किया जा रहा है, जबकि प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों को खोलने जाने की मांग निजी स्कूलों द्वारा लगातार की जा रही थी। जिस पर आखिरकार सरकार को निर्णय लेना पड़ा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों को 1 सितंबर से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति में कक्षाएं प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था।

### इन शर्तों का करना होगा पालन

स्कूल के सभी स्टाफ को कम से कम एक टीका लगा हो। यदि किसी ने एक टीका भी नहीं लगवाया है, तो उसे तत्काल टीकाकरण कराना होगा। अभिभावकों की सहमति से ही विद्यार्थी उपस्थित हो सकेंगे। प्राचार्य, प्रधान अध्यापक, शाला प्रमुख कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कक्षावार शालाएं संचालन के संबंध में निर्णय ले सकेंगे। शालाओं में कक्षावार नियम दिवसों के अतिरिक्त अन्य दिवसों में ऑनलाइन कक्षाएं पहले की तरह संचालित की जा सकेंगी। दूरदर्शन और इंटरनेट मीडिया वॉटसएप ग्रुप पर शैक्षिक सामग्री का प्रसारण पहले की तरह जारी रहेगा। स्कूलों में केंद्र-राज्य स्तर से जारी दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### इनका कहना है

कल एक सितंबर से सभी सरकारी स्कूल खोले जा रहे हैं। अभिभावकों से लिखित में अनुमति ली जा रही है। अनुमति मिलने के बाद एक कक्षा में 50 प्रतिशत बच्चों को ही स्कूल बुलाया जाएगा। इसके पहले स्कूलों का सेनेटाईजेशन कराया जा रहा है। स्कूलों में कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य किया गया है। बीआरसी और बीईओ को मॉनीटरिंग के लिए निर्देशित किया गया है।

**-के के डेहरिया, डीपीसी**



# आरटीओ कार्यालय के पास दलालों का डेरा

## परिवहन आयुक्त के निर्देश के बावजूद भी नहीं हुई कार्रवाई



**कटनी।** परिवहन आयुक्त के निर्देश के बाद स्थानीय अधिकारियों ने जुवानी अवैध अतिक्रमण हटाने कहा पर किसी भी तरह की पुख्ता कार्रवाई नहीं की गई। नए आरटीओ कार्यालय के पास दलालों का डेरा, पुराने आरटीओ कार्यालय में दलालों का दबदबा अवैध अतिक्रमण के साथ आज भी बरकरार है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सांठगांठ होने की वजह से दलालों के कोई भी काम नहीं रुकते थे। नया आरटीओ कार्यालय भवन हाइवे पर रीठी रोड मझगवां में टोल टैक्स के पास बनाया गया है। जिससे लग रहा था कि अब आरटीओ कार्यालय में दलाली प्रथा बंद हो जाएगी लेकिन यह आज भी परंपरागत चल रही है। परिवहन आयुक्त ने नगरीय प्रशासन आयुक्त को पत्र लिखकर अनाधिकृत इन गुमठियों को हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी नए सिरे से अतिक्रमणकारियों को जमने कैसे दिया गया है। मझगवां स्थित आरटीओ कार्यालय के पास गुमठियों (टपरा) और टेबल कुर्सी लगाकर दलालों द्वारा आरटीओ से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, लाइसेंस व परमिट दलालों के माध्यम से भी बनाए जाते हैं। आरटीओ कार्यालय में इन सभी कामों के लिए अभी भी दलाल सक्रिय है। कार्यालय के कर्मचारियों से सांठगांठ होने की वजह से दलाल आसानी से काम को अंजाम दे पाते हैं। दलाल से काम नहीं कराने पर लोगों के आसानी से काम नहीं होते हैं। लोगों को अपने काम के लिए परेशान होना पड़ता है।

### पुराने आरटीओ कार्यालय के पास भी जमावड़ा

पुराने आरटीओ कार्यालय के पास भी लोगों का जमावड़ा रहता है। कार्यालय के पास ही अलग-अलग तरह के फॉर्म बेचने की दुकानें खोल रखी है। गांव से आने वाले लोगों को महंगे दामों पर फॉर्म बेचे जाते हैं। काम करवाएं जाने का ठेका इन लोगों द्वारा ग्रामीणों से ले लिया जाता है। कर्मचारियों से सांठगांठ कर काम करवाएं जाते हैं। इसके एवज में मोटी रकम ग्रामीणों से वसूल की जाती है।

### परिवहन आयुक्त ने लिखा था पत्र

परिवहन आयुक्त ने नगरीय प्रशासन आयुक्त को पत्र लिखकर प्रदेश के परिवहन कार्यालय के समीप अनाधिकृत रुप से गुमठियां (टपरे) और टेबल कुर्सी लगाकर काम करने वाले लोगों पर कार्रवाई कर हटाने के निर्देश दिए थे। जिससे सरकारी काम में पारदर्शिता आ सके। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सूने मकान में चोरों का धावा

## पन्ना मोड़ से नगदी व जेवर पार



**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ में सोमवार को दिनदहाड़े एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात बदमाश नगदी व सोने-चांदी के जेवरात लेकर चंपत हो गए। वारदात की सूचना के बाद से पुलिस सक्रिय हो गई है तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए उनकी तलाश में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पन्ना मोड़ निवासी पवन दुबे सोमवार की दोपहर काम से घर से निकल गया। वहीं उसका परिवार भी दोपहर के समय जन्माष्टमी पर्व होने के कारण मोहल्ले पड़ोस में चला गया। इसीदौरान अज्ञात बदमाशों ने पवन दुबे के सूने मकान में धावा बोला और मकान का कोना-कोना खंगालने के बाद अंदर से नगदी व जेवर लेकर चंपत हो गए। हालांकि अभी इस बात का पता नहीं चल सका है कि चोरी हुई कितने की है। पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।

# कॉलजों को 15 सितंबर से खोलने की तैयारी

**कटनी।** उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के कॉलेजों को 15 सितंबर से खोलने के आदेश दे दिए हैं। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने भी गाइडलाइन जारी कर दी है। 50 फीसद उपस्थिति के साथ दूसरे और तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों को बुलाने की तैयारी चल रही है। कॉलेजों में 50 फीसद उपस्थिति के साथ विद्यार्थियों को बुलाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। कॉलेजों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए टीकाकरण अनिवार्य किया गया है, साथ ही सभी को कम से कम पहला डोज जरूर लगा होना चाहिए, नहीं तो कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जबकि शेष 50 फीसद ऑनलाइन कक्षा ज्वॉइन करेंगे। शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों और स्टॉफ का शत-प्रतिशत टीकाकरण होना आवश्यक है।

## जिलेभर के दर्जनों गांवों में अवैध तरीके से बन रही शराब, हो रही तस्करी

# गांजा-स्मैक का गढ़ बने शहर के कई क्षेत्र



**कटनी।** नशा से न सिर्फ लोगों की सेहत खराब हो रही है बल्कि अपराध का ग्राफ भी बढ़ा है। बावजूद इसके जिले में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। शहर के कई क्षेत्र ऐसे हैं जो नशे का गढ़ बन चुके हैं। पूर्व में हुई प्रभावी कार्रवाई से कुछ दिनों के लिए विराम लगा था, लेकिन फिर से कारोबार शुरू हो गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरहनी फाटक, सावरकर वार्ड का कुछ हिस्सा स्मैक का गढ़ बन गया है। इसके अलावा आधारकाप, निमिया मोहल्ला में अवैध तरीके से शराब निर्माण व विक्रय का खेल बदस्तूर जारी है। एनकेजे थाना क्षेत्र के प्रेमनगर, दुर्गाचौक-खिरहनी, थाना क्षेत्र का ग्रामीण इलाका हिरवारा आदि में शराब का अवैध कारोबार जारी है। माधवनगर थाना क्षेत्र में भी शराब बिक रही है। रंगनाथनगर और कुठला थाना क्षेत्र में भी शराब का अवैध तरीके से विक्रय जारी है। होटलों और ढाबों में शराब परोसी जा रही है। रेस्टारेंटों में भी मनमानी चल रही है। आबकारी विभाग यदा-कदा ही कार्रवाई करता है। गांव-गांव शराब के अवैध विक्रय के कारण युवा पीढ़ी नशे की लत में पड़ रही और विवाद हो रहे हैं।

### बड़वारा और बरही क्षेत्र भी नहीं अछूता

अवैध तरीके से कच्ची शराब निर्माण व विक्रय बड़वारा थाना क्षेत्र में भी जारी है। विलायतकला, भुड़सा, देवरी, रोहनिया, बड़वारा, देवरी, सलैया, कछारी, लखाखेरा स्टैंड आदि में अवैध तरीके से शराब का विक्रय किया जाता है। बरही क्षेत्र के बिचपुरा, छिंदियाटोला, खिरहनी सहित अन्य गांवों में अवैध तरीके से शराब निर्माण व विक्रय का खेल जारी है।

### बहोरीबंद क्षेत्र में भी अवैध कारोबार

बहोरीबंद क्षेत्र के छपरा, सिहुंड़ी, नैगवां, डोगरहाई, तेवरी, सलैया, पटोरी, बाकल सहित अन्य एक दर्जन से अधिक गांवों में अवैध तरीके से शराब बनाकर तस्करी की जा रही है। यहां पर भी आबकारी व पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं करती। साथ ही गांजे का भी अवैध कारोबार चलता है।

### अवैध शराब का गढ़ करहिया


बिलहरी चौकी क्षेत्र का करहिया गांव अवैध शराब निर्माण का गढ़ बन चुका है। यहां पर यदा-कदा कार्रवाई होती है। आबकारी विभाग सिर्फ ठेकेदार के इशारे पर कार्रवाई करता है। इसके अलावा कैमोरी, रैपुरा, ढुढरी, बड़ागांव में अवैध तरीके से शराब बनती है। यहां से शहर बड़ी मात्रा में शराब आती है। रीठी का बिरूहली, हरदुआ, मूरपार, देवगांव सहित अन्य गांवों में बड़ी मात्रा में शराब बनती व बिकती है। पूर्व में विवाद और हत्या जैसे मामले भी शराबखोरी को लेकर सामने आ चुके हैं बावजूद इसके रोक नहीं लग रही।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**दोस्त के साथ मिलकर युवक ने दिया वारदात को अंजाम, गिरफ्तार**

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। कलरात हुई वारदात की सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने वाले युवक व उसके दोस्त को हिरासत में लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र का एक युवक क्षेत्र की ही एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर मोटर सायकल में अपने साथ ले गया। इस दौरान रास्ते में उसका दोस्त मिला तो युवक ने अपने दोस्त को भी साथ ले लिया। इसके बाद दोनों किशोरी को सूनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बारी-बारी से बलात्कार किया। युवकों के चंगुल से छूटकर किशोरी अपने घर पहुंची और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद यह मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर युवकों के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करते दोनों को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।


**सिटी मॉल बरही रोड में**



हालीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से


कलाकार- विन डीजल, जॉन सीना, माइकल रूकर, हेलेन मिरन आदि।

FAST &

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**नीरज सिनेप्लेक्स में**



अंतिम 2 दिन

रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से

बेल बॉटम

कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033




**सिटी मॉल बरही रोड में**

रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

शानदार तीसरा सप्ताह




कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।

BELL

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

**सिटी मॉल बरही रोड में**




अंतिम 2 दिन

रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से

कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती, अन्नू कपूर आदि।

चेहरे

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें

Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

PRE. REGISTRATION साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईंनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)